कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रीवा (म0प्र0)

// कार्य विभाजन आदेश //

कमांक 215 /दो–1–1/2000 रीवा, दिनांक 17/.05/2023

मध्यप्रदेश व्यवहार न्यायालय अधिनियम 1958 की0 धारा–15 व 21 (4) तथा मध्यप्रदेश सिविल न्यायालय (संशोधन) अधिनियम 2011 जो कि "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)" में दिनांक 23 दिसम्बर 2011 को प्रकाशित की गई है, के परिप्रेक्ष्य में एवं दण्ड प्रकिया संहिता की धारा–10 की उपधारा–2 के अंतर्गत पूर्व में प्रसारित सिविल एवं आपराधिक कार्य विभाजन आदेश कमांक 52/दो–1–1/2000 दिनांक 14.01.2023 को निरस्त करते हुए मैं सुबोध कुमार जैन, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीवा उक्त धाराओं के अंतर्गत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए व्यवहार जिला रीवा में स्थापित व्यवहार न्यायालय द्वारा प्रसंज्ञेय दीवानी मामलों के कार्य विभाजन एवं सत्र खण्ड रीवा के अंतर्गत आपराधिक मामलों के कार्य विभाजन के संबंध में निम्न लिखित आदेश प्रसारित करता हूँ, जो आदेश दिनांक से प्रभावशील होगा :–

क.	न्यायालय का प्रकार	प्रादेशिक अधिकार	वादों का प्रकार
1	2	3	4
1	प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीवा (म0प्र0)	**रीवा** सिविल जिला रीवा	**1**–म.प्र. एकमोडेशन कन्ट्रोल एक्ट 1961 के अंर्तगत भाड़ा नियत्रंण अधिकारी रीवा द्वारा पारित आदेशों के विरूद्ध प्रस्तुत अपीलें । **2**– केन्द्रीय अधिनियमों और म.प्र. राज्य के अधिनियमों (मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम 1956 की धारा 307 के उपनियम (5) के अंतर्गत पेश आवेदन पत्र को छोड़कर) के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले ऐसे समस्त प्रकरण, आवेदन, अपीलें, पुनरीक्षण और संदर्भ जो जिले की मूल अधिकारिता वाले प्रमुख न्यायालय में या जिला न्यायालय में प्रस्तुत किये जाने योग्य हों एवं जिन के संबंध में इस कार्य विभाजन आदेश में अन्यथा उपबंधित न किया गया हो। **3**–धारा–24 सिविल प्रकिया संहिता के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले आवेदन पत्र **4**– ग्राम न्यायालय रीवा द्वारा पारित निर्णय डिक्री व आदेशों के विरूद्ध प्रस्तुत होने वाली नियमित व विविध अपीलें। **5**–लोक परिसर (अधिकृत आधिपत्यधारी बेदखली अधिनियम) के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाली अपीलें" (धारा 9 द्वारा अधिकृत) **6**– भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले प्रोबेट प्रकरण। **7**–प्रांतीय दीवालिया अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत होने वालें प्रकरण। **8**– प्रथम जिला न्यायाधीश रीवा के न्यायालय के दिनांक 06.08.2014 के पूर्व के निष्पादन व समस्त विविध कार्यवाहियां। **9**– सिविल जिला रीवा में (तहसील त्योंथर, मउगंज, सिरमौर एवं हनुमना को छोड़कर) उद्भूत मोटर दुर्घटना से हुई मृत्यु के तथा उसी दुर्घटना में कारित चोट/अपंगता से संबंधित क्षतिपूर्ति दावा मोटर दुर्घटना के अंतर्गत प्रकरण। 10. जिला न्यायाधीश के सुनवाई योग्य ऐसे अधिनियम के प्रकरण जिनका उल्लेख कार्य विभाजन आदेश में न किया गया हो, के अंतर्गत समस्त प्रकरण।

		सत्र खण्ड रीवा	**1**–सत्र प्रकरण । **2**–दाण्डिक अपील । **3**–दाण्डिक पुनरीक्षण । **4**–अत्यावश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अंतर्गत प्रस्तुत प्रकरण व अपील । **5**–विविध दाण्डिक प्रकरण । **6**–धारा 408 द.प्र.सं. के अंतर्गत आवेदन पत्र। **7**–धारा 438 एवं 439 द.प्र.सं. के अंतर्गत प्रस्तुत आवेदन पत्र। **8**–मानव अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत प्रकरण। **9**–ग्राम न्यायालय रीवा द्वारा पारित निर्णय/आदेश के विरूद्ध प्रस्तुत होने वाली सभी दाण्डिक अपीलें एवं पुनरीक्षण प्रकरण। **10**–खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत न्याय निर्णयन अधिकारी निर्णय के विरूद्ध अपीलें। **11**– विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम 1916 से संबंधित प्रकरणों का निराकरण माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार किये जायेंगे। 12. जिला न्यायाधीश के सुनवाई योग्य ऐसे अधिनियम के प्रकरण जिनका उल्लेख कार्य विभाजन आदेश में न किया गया हो, के अंतर्गत समस्त प्रकरण।
2	श्री सी0एम0उपाध्याय विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटीज) रीवा एवं प्रथम जिला एवं अति. सत्र न्यायाधीश रीवा के न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश रीवा	सिविल जिला रीवा	प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा समय–समय पर अंतरित किये जाने वाले सिविल प्रकरण।
		सत्र खण्ड रीवा	1–यथा समय सत्र न्यायाधीश रीवा द्वारा अंतरित सत्र प्रकरण, दाण्डिक अपील, दाण्डिक पुनरीक्षण एवं अन्य विविध कार्यवाहियां एवं आवेदन पत्र । 2–अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अधीन पेश होने वाले समस्त आपराधिक प्रकरण एवं उनसे संबंधित समस्त विविध कार्यवाहियां एवं आवेदन पत्र।
3	डॉ0 श्री मुकेश मलिक, प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश (पी0सी0एक्ट) रीवा (म0प्र0)	सिविल जिला एवं सत्र खण्ड रीवा	1– प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीवा द्वारा समय–समय पर अंतरित सिविल एवं आपराधिक प्रकरण एवं उनसे उद्भूत होने वाले समस्त निष्पादन एवं अन्य विविध कार्यवाहियां एवं आवेदन पत्र। 2– भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के अंतर्गत दण्डनीय अपराधों के संबंधों में सभी प्रकरण तथा इन्ही प्रकरणों से संबधित समस्त जमानत आवेदन पत्र।
4	श्री विकम सिंह, द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश म0प्र0 डकैती एवं व्यपहरण प्रभावित क्षेत्र अधिनियम रीवा/अति. विशेष न्यायाधीश(एन.डी.पी.एस.) रीवा	सिविल जिला रीवा	1– प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा समय–समय पर अंतरित किये जाने वाले सिविल प्रकरण। 2. सिविल लाइन एवं रायपुर कर्चुलियान क्षेत्र में घटित (प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा श्रवण योग्य मोटर दुर्घटना से हुई मृत्यु तथा उसी दुर्घटना में कारित चोट/अपंगता से संबंधित प्रकरणों को छोड़कर) मोटर दुर्घटना के संबंध में अथवा उक्त थाना क्षेत्रों में निवास कर रहे या व्यापार कर रहे दावेदारों आवेदक/वादी या अनावेदक/प्रतिवादी द्वारा प्रस्तुत मोटर दुर्घटना के संबंध में क्षतिपूर्ति राशि चाहने संबंधी दावे एवं उद्भूत होने वाले निष्पादन व विविध प्रकरण। 3. द्वितीय/तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड रीवा के न्यायालय के निर्णय डिक्री एवं आदेशों के विरूद्ध प्रस्तुत होने वाले समस्त नियमित एवं विविध अपीलें।
		सत्र खण्ड रीवा	1– यथा समय सत्र न्यायाधीश रीवा द्वारा अंतरित सत्र प्रकरण, दाण्डिक अपील, दाण्डिक पुनरीक्षण एवं अन्य विविध कार्यवाहियां व आवेदन पत्र।

			2– जिला रीवा के डभौरा, पनवार, अतरैला, सिरमौर, जवा, जनेह तथा सेमरिया थाना क्षेत्र से उद्भुत मध्यप्रदेश डकैती एवं व्यपहरण प्रभावित क्षेत्र अधिनियम 1981 के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले समस्त प्रकरण एवं उनसे संबंधित विविध कार्यवाहियां एवं आवेदन पत्र। 3. **तहसील मऊगंज** के पुलिस थाना मऊगंज, गढ़, नईगढी, लौर एवं **तहसील सिरमौर** के पुलिस थाना सिरमौर, गढ़, बैकुण्ठपुर, सेमरिया एवं **तहसील त्योंथर** के पुलिस थाना सोहागी, चाकघाट, जनेह, अतरैला, डभौरा, जवा, गढ़, पनवार एवं **तहसील हनुमना** के पुलिस थाना हनुमना, शाहपुर के थाना अंतर्गत नारकोटिक्स ड्रग्स एण्ड साइकोटोपिक्स सब्सटेन्स(एन.डी.पी.एस.) एक्ट से संबंधित अपराध के समस्त प्रकरण एवं उनसे संबंधित विविध कार्यवाहियां एवं आवेदन पत्र।
5	श्री रमेश रंजन चौबे, तृतीय जिला एवं सत्र एवं न्यायाधीश रीवा एवं विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम (शहरी क्षेत्र) रीवा (म0प्र0)	सिविल जिला रीवा (तहसील त्योंथर, मऊगंज, सिरमौर व हनुमना को छोड़कर)	1– प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा समय–समय पर अंतरित किये जाने वाले सिविल प्रकरण। 2– रूपये 01 करोड़ से अधिक मूल्य के सभी प्रकार के व्यवहार वाद एवं उनसे उद्भूत होने वाले समस्त निष्पादन एवं विविध प्रकरण। 3– **प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड रीवा के न्यायालय के प्रथम/चतुर्थ अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश रीवा**, द्वारा पारित निर्णय, डिक्री एवं आदेशों के विरूद्ध प्रस्तुत होने वाली समस्त नियमित एवं विविध अपीलें। 4– थाना मनगंवा क्षेत्र में घटित (प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा श्रवण योग्य मोटर दुर्घटना से हुई मृत्यु तथा उसी दुर्घटना में कारित चोट/अपंगता से संबंधित प्रकरणों को छोड़कर) मोटर दुर्घटना के संबंध में अथवा उक्त थाना क्षेत्रों में निवास कर रहे या व्यापार कर रहें दावेदारों आवेदक/वादी या अनावेदक/प्रतिवादी द्वारा प्रस्तुत मोटर दुर्घटना के संबंध में क्षतिपूर्ति राशि चाहने संबंधी दावे एवं उद्भूत होने वाले निष्पादन व विविध प्रकरण। 5– भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाली सभी व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड रीवा के आदेशों के विरूद्ध अपीले। 6–मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम 1956 की धारा 307 के उपनियम (5) के अंतर्गत पेश आवेदन पत्र।
		सत्र खण्ड रीवा	1–यथा समय सत्र न्यायाधीश रीवा द्वारा निराकरण हेतु अंतरित सत्र प्रकरण, दाण्डिक अपीलें, दाण्डिक पुनरीक्षण एवं अन्य विविध कार्यवाहियां व आवेदन पत्र। 2–सिविल जिला रीवा क्षेत्र के विद्युत अधिनियम 2003 की धारा– 153(1) के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले समस्त प्रकरण एवं उनसे संबंधित विविध कार्यवाहियां व आवेदन पत्र।
6	सुश्री पद्मा जाटव, चतुर्थ जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रीवा	सिविल जिला रीवा	1–प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा समय–समय पर अंतरित किये जाने वाले सिविल प्रकरण। 2. थाना अमहिया क्षेत्र में घटित (प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा श्रवण योग्य मोटर दुर्घटना से हुई मृत्यु तथा उसी दुर्घटना में कारित चोट/अपंगता से संबंधित प्रकरणों को छोड़कर) मोटर दुर्घटना के संबंध में अथवा उक्त थाना क्षेत्रों में निवास कर रहे या व्यापार कर रहे दावेदारों आवेदक/वादी या अनावेदक/प्रतिवादी द्वारा प्रस्तुत मोटर दुर्घटना के संबंध में क्षतिपूर्ति राशि चाहने संबंधी दावे एवं उद्भूत होने वाले निष्पादन व विविध प्रकरण।

			3– **प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड रीवा के समस्त अतिरिक्त न्यायाधीश, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड/प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड के अतिरिक्त न्यायाधीश के** रिक्त न्यायालय के निर्णय डिक्री एवं आदेशों के विरूद्ध प्रस्तुत होने वाले समस्त नियमित एवं विविध अपीलें।
		सत्र खण्ड रीवा	यथा समय सत्र न्यायाधीश रीवा द्वारा निराकरण हेतु अंतरित सत्र प्रकरण, दाण्डिक अपीले, दाण्डिक पुनरीक्षण तथा अन्य विविध कार्यवाहियां व आवेदन पत्र।
7	श्री विवेकानंद त्रिवेदी, पंचम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, रीवा	सिविल जिला रीवा	1. प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा समय–समय पर अंतरित किये जाने वाले सिविल प्रकरण। 2. हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 एवं मुस्लिम विवाह विच्छेद अधिनियम 1939 के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले समस्त प्रकरण (कुटुम्ब न्यायालय रीवा, मउगंज सिरमौर एवं त्योंथर न्यायालय की अधिकारिता को छोड़कर) 3. हिन्दू अवयस्कता एवं संरक्षण अधिनियम तथा पालक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले समस्त प्रकरण (कुटुम्ब न्यायालय रीवा, मऊगंज सिरमौर एवं त्योंथर न्यायालय की अधिकारिता को छोडकर) 4–थाना सगरा एवं बिछिया क्षेत्र में घटित (प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा श्रवण योग्य मोटर दुर्घटना से हुई मृत्यु तथा उसी दुर्घटना में कारित चोट/अपंगता से संबंधित प्रकरणों को छोड़कर) मोटर दुर्घटना के संबंध में अथवा उक्त थाना क्षेत्र में निवास कर रहे या व्यापार कर रहे दावेदारों द्वारा प्रस्तुत मोटर दुर्घटना के संबंध में क्षतिपूर्ति राशि चाहने संबंधी कारित चोट/अपंगता से संबंधित दावे व उन प्रकरणों से उद्भूत होने वाले निष्पादन व विविध प्रकरण।
		सत्र खण्ड रीवा	यथा समय सत्र न्यायाधीश रीवा द्वारा निराकरण हेतु अंतरित सत्र प्रकरण, दाण्डिक अपीलें, दाण्डिक पुनरीक्षण एवं अन्य विविध कार्यवाहियां व आवेदन पत्र।
8	श्री आशीष ताम्रकार षष्टम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रीवा एवं विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम (ग्रामीण क्षेत्र) रीवा (म0प्र0)	सिविल जिला रीवा की तहसील त्योंथर, हनुमना, मउगंज को छोड़कर	1. प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा समय–समय पर अंतरित किये जाने वाले सिविल प्रकरण। 2. थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र में घटित (प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा श्रवण योग्य मोटर दुर्घटना से हुई मृत्यु तथा उसी दुर्घटना में कारित चोट/अपंगता से संबंधित प्रकरणों को छोड़कर) मोटर दुर्घटना के संबंध में अथवा उक्त थाना क्षेत्रों में निवास कर रहे या व्यापार कर रहे दावेदारों आवेदक/वादी या अनावेदक/प्रतिवादी द्वारा प्रस्तुत मोटर दुर्घटना के संबंध में क्षतिपूर्ति राशि चाहने संबंधी दावे एवं उद्भूत होने वाले निष्पादन व विविध प्रकरण। 3– प्रथम/चतुर्थ/पंचम **व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड रीवा** के निर्णय, डिक्री एवं आदेशों के विरूद्ध प्रस्तुत होने वाली समस्त नियमित एवं विविध अपीलें।
		सत्र खण्ड रीवा	1. यथा समय सत्र न्यायाधीश रीवा द्वारा निराकरण हेतु अंतरित सत्र प्रकरण, दाण्डिक अपीले, दाण्डिक पुनरीक्षण तथा अन्य विविध कार्यवाहियां व आवेदन पत्र। 2. सिविल जिला रीवा क्षेत्र के **विद्युत अधिनियम 2003** की धारा– 153 (1) के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले समस्त प्रकरण एवं उनसे संबंधित विविध कार्यवाहियां व आवेदन पत्र।

9	श्री आनन्द गौतम, सप्तम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रीवा (म0प्र0)	सिविल जिला रीवा	1. प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा समय–समय पर अंतरित किये जाने वाले सिविल प्रकरण। 2. संभागीय स्तर पर संपूर्ण क्षेत्र वाणिज्यिक एवं वित्तीय विवादों से संबंधित मामलों का निबटारा जो प्रधान जिला न्यायाधीश स्तर का हो। 3. मध्यस्तम एवं सुलह अधिनियम 1996 के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले प्रकरण।
		सत्र खण्ड रीवा	यथा समय सत्र न्यायाधीश रीवा द्वारा निराकरण हेतु अंतरित सत्र प्रकरण, दाण्डिक अपीले, दाण्डिक पुनरीक्षण तथा अन्य विविध कार्यवाहियां व आवेदन पत्र।
10	श्री प्रवीण पटेल अष्टम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रीवा	सिविल जिला रीवा की तहसील त्योंथर, मउगंज एवं सिरमौर को छोड़कर	1– प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा समय–समय पर अंतरित किये जाने वाले सिविल प्रकरण। 2– भू–अर्जन अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत किये जाने वाले संदर्भ व प्रकरण। 4– थाना चोरहटा एवं गुढ़ क्षेत्र में घटित (प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा श्रवण योग्य मोटर दुर्घटना से हुई मृत्यु तथा उसी दुर्घटना में कारित चोट/अपंगता से संबंधित प्रकरणों को छोड़कर) मोटर दुर्घटना के संबंध में अथवा उक्त थाना क्षेत्र में निवास कर रहे या दावेदारों आवेदक/वादी या अनावेदक/प्रतिवादी द्वारा मोटर दुर्घटना के संबंध में क्षतिपूर्ति दावे एवं उद्भूत होने वाले निष्पादन व विविध प्रकरण। 5– व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड रीवा एवं **प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड रीवा के समस्त अतिरिक्त न्यायाधीश के रिक्त न्यायालय** के निर्णय, डिक्री एवं आदेशों के विरूद्ध प्रस्तुत होने वाली समस्त नियमित एवं विविध अपीलें।
		सत्र खण्ड रीवा	1– यथा समय सत्र न्यायाधीश रीवा द्वारा निराकरण हेतु अंतरित सत्र प्रकरण, दाण्डिक अपीले, दाण्डिक पुनरीक्षण तथा अन्य विविध कार्यवाहियां व आवेदन पत्र। 2– **धारा 125, 127 द0प्र0सं0** के अंतर्गत सभी न्यायिक दण्डाधिकारियों के द्वारा पारित आदेशों के विरूद्ध दाण्डिक पुनरीक्षण (अपर सत्र न्यायाधीश मउगंज सिरमौर एवं त्योंथर के अधिकारिता क्षेत्र को छोड़कर) 3– "जघन्य/सनसनी खेज/चिन्हित अपराधों से संबंधित प्रस्तुत होने वाले रीवा जिले के प्रकरण (सिविल जिला रीवा की तहसील मउगंज/त्योंथर/सिरमौर एवं विशेष न्यायालय की अधिकारिता/सुनवाई योग्य प्रकरण को छोड़कर)'
11	श्री देवेन्द्र सिंह पाल नवम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रीवा	सिविल जिला रीवा	1– प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा समय–समय पर अंतरित किये जाने वाले सिविल प्रकरण। 2– **पंचम/षष्टम/अष्टम** व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड के न्यायालय के निर्णय, डिक्री एवं आदेशों के विरूद्ध प्रस्तुत होने वाली समस्त नियमित एवं विविध अपीलें। 3. थाना विश्वविद्यालय क्षेत्र में घटित (प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा श्रवण योग्य मोटर दुर्घटना से हुई मृत्यु तथा उसी दुर्घटना में कारित चोट/अपंगता से संबंधित प्रकरणों को छोड़कर) मोटर दुर्घटना के संबंध में अथवा उक्त थाना क्षेत्रों में निवास कर रहे या व्यापार कर रहे दावेदारों आवेदक/वादी या अनावेदक/प्रतिवादी द्वारा प्रस्तुत मोटर दुर्घटना के संबंध में क्षतिपूर्ति राशि चाहने संबंधी दावे एवं उद्भूत होने वाले निष्पादन व विविध प्रकरण।
		सत्र खण्ड रीवा	1– यथा समय सत्र न्यायाधीश रीवा द्वारा निराकरण हेतु अंतरित सत्र प्रकरण, दाण्डिक अपीले, दाण्डिक पुनरीक्षण तथा अन्य विविध कार्यवाहियां व आवेदन पत्र। 2– निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2000 के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले प्रकरण

12.	श्रीमती संगीता मदान, 10 वें जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश	सिविल जिला रीवा	प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा समय–समय पर अंतरित किये जाने वाले सिविल प्रकरण।
		सत्र खण्ड रीवा	1–यथा समय सत्र न्यायाधीश रीवा द्वारा निराकरण हेतु अंतरित सत्र प्रकरण, दाण्डिक अपीले, दाण्डिक पुनरीक्षण तथा अन्य विविध कार्यवाहियां व आवेदन पत्र। 2–जिला मुख्यालय रीवा के समस्त थाना क्षेत्र के महिलाओं के विरूद्ध सत्र न्यायालय द्वारा विचारणीय अपराध (जैसे रैप, गैंगरेप, मर्डर विथ रैप एवं अन्य अपराध) के समस्त प्रकरण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के मामलों को छोड़कर)
13	श्री दिलीप सिंह, 11वें जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रीवा	सिविल जिला रीवा (तहसील मउगंज/त्योंथर/ सिरमौर को छोड़कर)	1– प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा समय–समय पर अंतरित किये जाने वाले सिविल प्रकरण। 2– थाना समान एवं गोविन्दगढ़ क्षेत्र में घटित (प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा श्रवण योग्य मोटर दुर्घटना से हुई मृत्यु तथा उसी दुर्घटना में कारित चोट/अपंगता से संबंधित प्रकरणों को छोड़कर) मोटर दुर्घटना के संबंध में अथवा उक्त थाना क्षेत्र में निवास कर रहे या दावेदारों आवेदक/वादी या अनावेदक/प्रतिवादी द्वारा मोटर दुर्घटना कें संबंध में क्षतिपूर्ति दावे एवं उद्भूत होने वाले निष्पादन व विविध प्रकरण। 4– **चतुर्थ/नवम् व्यवहार न्यायाधीश** कनिष्ठ खण्ड रीवा एवं व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड मनगवाँ के न्यायालय के निर्णय, डिक्री एवं आदेशों के विरूद्ध प्रस्तुत होने वाली समस्त नियमित एवं विविध अपीलें। 5– सिविल जिला रीवा में स्थापित लेकिन न्यायाधीश का स्थानांतरण होने या न्यायालय में पीठासीन अधिकारी की पदस्थापना न होने के कारण रिक्त **अतिरिक्त/जिला न्यायाधीश** के न्यायालयों से संबंधित सभी प्रकार के सिविल प्रकरण तथा उनसे संबंधित आवेदन व उक्त न्यायालयों के ऐसे सभी प्रकरण जो अपीलीय या पुनरीक्षण न्यायालय द्वारा सुनवाई के लिए प्रत्यावर्तित किये गये हों।
		सत्र खण्ड रीवा	यथा समय सत्र न्यायाधीश रीवा द्वारा निराकरण हेतु अंतरित सत्र प्रकरण, दाण्डिक अपीले, दाण्डिक पुनरीक्षण तथा अन्य विविध कार्यवाहियां व आवेदन पत्र।
14	श्रीमती कंचन गुप्ता 12वें जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रीवा/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रीवा	सत्र खण्ड रीवा	1– यथा समय सत्र न्यायाधीश रीवा द्वारा निराकरण हेतु अंतरित सत्र प्रकरण, दाण्डिक अपील, दाण्डिक पुनरीक्षण एवं अन्य विविध कार्यवाहियां व आवेदन पत्र। 2– लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले रीवा जिले (सिविल जिला रीवा की तहसील मउगंज/त्योंथर/सिरमौर को छोड़कर) के समस्त थाना के अभियोग पत्र/परिवाद पत्र का विचारण, जमानत आवेदन पत्र एवं रिमाण्ड की कार्यवाही। 3– **लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012** के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले सम्पूर्ण जिला रीवा के क्षेत्राधिकार के समस्त थाना के अभियोग /परिवाद पत्र एवं जमानत आवेदन पत्र व अन्य अनुषांगिक कार्यवाहियां, **जिनमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम संबंधी अपराध भी शामिल हों।** **4**–किशोर न्याय बोर्ड द्वारा पारित निर्णय/आदेश से उत्पन्न अपीलें व अन्य।

15	श्री केशव सिंह 13वें जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रीवा एवं विशेष न्यायाधीश(एन.डी. पी.एस.) रीवा	सिविल जिला रीवा	प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा समय–समय पर अंतरित किये जाने वाले सिविल प्रकरण।
		सत्र खण्ड रीवा	1– यथा समय सत्र न्यायाधीश रीवा द्वारा निराकरण हेतु अंतरित सत्र प्रकरण, दाण्डिक अपीले, दाण्डिक पुनरीक्षण तथा अन्य विविध कार्यवाहियां व आवेदन पत्र। 2– समस्त अपर सत्र न्यायाधीश रीवा के रिक्त न्यायालय का कार्य। 3– **जिला रीवा** के पुलिस थाना सिविल लाईन, सिटी कोटवाली, चोरहटा, अमहिया, यातायात, समान, गोविन्दगढ़, मनगंवा, बिछिया, गुढ़, महिला थाना, रायपुर कर्चुलियान, सागरा, विश्वविद्यालय, जी0आर0पी0 थाना के अंतर्गत नारकोटिक्स ड्रग्स एण्ड साइकोटोपिक्स सब्सटेन्स (एन.डी.पी.एस.) एक्ट से संबंधित अपराध के समस्त प्रकरण एवं उनसे संबंधित विविध कार्यवाहियां एवं आवेदन पत्र। 4– धारा 22 (1) एन.आई.ए. एक्ट रीवा जिले से संबंधित समस्त प्रकरण।
		मउगंज	
16	प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मउगंज (रिक्त न्यायालय)		
17	श्री आदेश कुमार जैन प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मऊगंज के न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश	सिविल जिला रीवा के तहसील नईगढ़ी (मऊगंज के क्षेत्र को छोड़कर) का क्षेत्र	**1.** समय–समय पर प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा अंतरित किये जाने वाले प्रकरण व उनसें उदभूत होने वाले निष्पादन व विविध प्रकरण। 2. प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ट खण्ड मउगंज एवं व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ट खण्ड हनुमना के न्यायालयों के निर्णय, डिक्री एवं आदेशों के विरूद्ध प्रस्तुत होने वाली नियमित एवं विविध अपीलें। **3–** समस्त व्यवहार न्यायाधीश **वरिष्ठ खण्ड/कनिष्ठ खण्ड हनुमना के रिक्त** न्यायालयों के निर्णय, डिक्री एवं आदेशों के विरूद्ध प्रस्तुत होने वाली नियमित एवं विविध अपीलें। **4–** थाना शाहपुर, लौर एवं नईगढ़ी क्षेत्र में घटित मोटर दुर्घटना के संबंध में अथवा उक्त थाना क्षेत्र में निवास कर रहे या व्यापार कर रहें दावदारों आवेदक/वादी या अनावेदक/प्रतिवादी द्वारा प्रस्तुत मोटर दुर्घटना के संबंध में क्षतिपूर्ति राशि चाहने संबंधी दावे और उक्त दावे से उदभूत होने वाले निष्पादन व विविध प्रकरण। **5–** तहसील नईगढ़ी क्षेत्र के सभी प्रकार के व्यवहार वाद प्रकरण जिनका मूल्यांकन रूपये 01 करोड़ से अधिक हो एवं उपर्युक्त दीवानी प्रकरणों से उदभूत होने वाले समस्त निष्पादन व विविध कार्यवाहियों के प्रकरण। **6–** हिन्दू विवाह अधिनियम, विशेष विवाह अधिनियम एवं भारतीय तलाक अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले समस्त प्रकरण। **7–** तहसील नईगढ़ी क्षेत्र के भू–अर्जन अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले संदर्भ व प्रकरण।
		सत्र खण्ड	**1–** यथा समय सत्र न्यायाधीश रीवा द्वारा निराकरण हेतु अंतरित सत्र प्रकरण, दाण्डिक अपीलें, दण्डिक पुनरीक्षण व अन्य विविध कार्यवाहियां व आवेदन पत्र। **2–**थाना लौर/नईगढ़ी/शाहपुर अधिकारिता क्षेत्र के सत्र प्रकरण जो मऊगंज/हनुमना में पदस्थ न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा उपार्पित किये जाते है, वे उपार्पण के पश्चात् प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मउगंज के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश के न्यायालय में प्रस्तुत की जावेगी।

			3– थाना लौर/नईगढ़ी/शाहपुर क्षेत्राधिकार की धारा 438 व 439 द0प्र0सं0 के जमानत आवेदन पत्र की सुनवाई की, जावेगी।
			4– थाना हनुमना अधिकारिता क्षेत्र के सत्र प्रकरण जो मऊगंज/हनुमना में पदस्थ न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा उपार्पित किये जाते है, वे उपार्पण के पश्चात प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मऊगंज के न्यायालय में प्रस्तुत की जावेगी। **5–** मउगंज के प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड तथा हनुमना में पदस्थ न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा निर्णीत अपराधिक मामलों के विरूद्ध दाण्डिक अपीलें व निगरानियां। **6–** थाना हनुमना क्षेत्राधिकार की धारा 438 व 439 द0प्र0सं0 के जमानत आवेदन पत्र की सुनवाई की जावेगी। **7–** मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 1987 की धारा–52 के तहत उत्पन्न प्रकरण। **8–** सत्र खण्ड रीवा के तहसील मुख्यालय मउगंज में स्थापित लेकिन न्यायाधीश का स्थानांतरण होने या न्यायालय में पीठासीन अधिकारी की पदस्थापना न होने के कारण रिक्त **अतिरिक्त/जिला न्यायाधीश** के न्यायालयों से संबंधित सभी प्रकार के दाण्डिक प्रकरण तथा उनसे संबंधित आवेदन व उक्त न्यायालयों के ऐसे सभी प्रकरण जो अपीलीय या पुनरीक्षण न्यायालय द्वारा सुनवाई के लिए प्रत्यावर्तित किये गये हों
18	श्री अनिल कुमार, द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मउगंज	सिविल जिला रीवा की तहसील मऊगंज/हनुमना का क्षेत्र (तहसील नईगढ़ी को छोड़कर)	**1–** समय–समय पर प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा अंतरित किये जाने वाले प्रकरण व उनसें उदभूत होने वाले निष्पादन व विविध प्रकरण। **2–**तहसील मऊगंज/हनुमना क्षेत्र के सभी प्रकार के व्यवहार वाद प्रकरण जिनका मूल्याकंन रूपये 01 करोड़ से अधिक हो एवं उपर्युक्त दीवानी प्रकरणों से उदभूत होने वाले समस्त निष्पादन व विविध कार्यवाहियों के प्रकरण। **3–** प्रथम/तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ट खण्ड **मऊगंज,** व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड हनुमना के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश एवं व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड/कनिष्ठ खण्ड मउगंज के रिक्त न्यायालयों के निर्णय, डिक्री एवं आदेशों के विरूद्ध प्रस्तुत होने वाली नियमित एवं विविध अपीलें। **4–**भू–अर्जन अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले संदर्भ व प्रकरण। **5–**लोक परिसर (अनाधिकृत अधिपत्यधारी बेदखली अधिनियम) के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाली अपीलें (धारा 9 द्वारा अधिकृत)। **6–** थाना मऊगंज/हनुमना क्षेत्र में घटित मोटर दुर्घटना के संबंध में अथवा उक्त थाना क्षेत्र में निवास कर रहे या व्यापार कर रहें दावदारों आवेदक/वादी या अनावेदक/प्रतिवादी द्वारा प्रस्तुत मोटर दुर्घटना के संबंध में क्षतिपूर्ति राशि चाहने संबंधी दावे और उक्त दावे से उदभूत होने वाले निष्पादन व विविध प्रकरण। **7–**प्रांतीय दीवालिया अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले प्रकरण। **8–** मऊगंज/हनुमना क्षेत्र से उत्पन्न होने वाले रूपये 5 सौ से अधिक और रूपये 1 हजार से अनाधिक मूल्य के लघुवाद प्रकरण (धारा 9 द्वारा अधिकृत)। **9–** हिंदु विवाह अधिनियम, विशेष विवाह अधिनियम एवं भारतीय तलाक अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले समस्त प्रकरण। (तहसील नईगढ़ी को छोड़कर) 10– भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले प्रोवेट प्रकरण।

			11– पालक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम तथा हिन्दू अवयस्कता एवं संरक्षकता अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले प्रकरण। 12. सिविल जिला रीवा के तहसील मुख्यालय मउगंज में स्थापित लेकिन न्यायाधीश का स्थानांतरण होने या न्यायालय में पीठासीन अधिकारी की पदस्थापना न होने के कारण रिक्त **अतिरिक्त/जिला न्यायाधीश** के न्यायालयों से संबंधित सभी प्रकार के सिविल प्रकरण तथा उनसे संबंधित आवेदन व उक्त न्यायालयों के ऐसे सभी प्रकरण जो अपीलीय या पुनरीक्षण न्यायालय द्वारा सुनवाई के लिए प्रत्यावर्तित किये गये हों। 13. तहसील मउगंज की क्षेत्रीय अधिकारिता से उदभूत मध्यप्रदेश एकोमोडेशन कन्ट्रोल एक्ट 1961 के अंतर्गत भाड़ा नियंत्रण अधिकारी द्वारा पारित आदेशों के विरूद्ध प्रस्तुत अपीले।
		सत्र खण्ड मऊगंज	1–यथा समय सत्र न्यायाधीश रीवा द्वारा निराकरण हेतु अंतरित सत्र प्रकरण, दाण्डिक अपीले, दाण्डिक पुनरीक्षण एवं अन्य विविध कार्यवाहियां एवं आवेदन पत्र। 2–थाना मऊगंज अधिकारिता क्षेत्र के सत्र प्रकरण जो मऊगंज/हनुमना में पदस्थ न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा उपार्पित किये जाते है, वे उपार्पण के पश्चात द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश मऊगंज के न्यायालय में प्रस्तुत की जावेगी। **3–** मऊगंज क्षेत्राधिकार की धारा 438 व 439 द0प्र0सं0 के जमानत आवेदन पत्र जब तक कोई अन्य आदेश न हो द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मऊगंज के न्यायालय में सुनवाई व निराकरण हेतु प्रस्तुत किये जावेगे। **4–** मऊगंज के प्रथम/तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड द्वारा निर्णीत अपराधिक मामलों के विरूद्ध दाण्डिक अपीलें व निगरानिया। **5–**सिविल जिला रीवा के मऊगंज क्षेत्र के विद्युत अधिनियम 2003 की धारा– 153(1) के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले समस्त प्रकरण एवं उनसे संबंधित विविध कार्यवाहियां व आवेदन पत्र। **6–** लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 (2012 का 32) के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले तहसील मऊगंज क्षेत्र के समस्त थाना के अभियोग पत्र/परिवाद पत्र का विचारण, जमानत आवेदन पत्र एवं रिमाण्ड की कार्यवाही। 7– तहसील मुख्यालय मउगंज के समस्त थाना क्षेत्र के महिलाओं के विरूद्ध सत्र न्यायालय द्वारा विचारणीय अपराध (जैसे रेप, गैंगरेप, मर्डर विथ रेप एवं अन्य अपराध) के समस्त प्रकरण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के मामलों को छोड़कर)
त्योंथर			
19	श्री योगराज उपाध्याय, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश त्योंथर	सिविल जिला रीवा की तहसील त्योंथर	1–प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा समय–समय पर अंतरित प्रकरण एवं उनसे उद्भुत होने वाले समस्त निष्पादन एवं विविध कार्यवाहियां व आवेदन पत्र । 2–रूपये 01 करोड़ से अधिक मूल्य के सभी प्रकार के व्यवहार वाद प्रकरण एवं उनसे उद्भूत होने वाले समस्त निष्पादन एंव विविध प्रकरण। 4– समस्त व्यवहार न्यायाधीश **वरिष्ठ खण्ड एवं कनिष्ठ खण्ड** त्योंथर एवं समस्त **रिक्त न्यायालय** द्वारा पारित निर्णय, डिक्री एवं आदेशों के विरुद्ध प्रस्तुत होनें वाली समस्त नियमित एवं विविध अपीलें।

			5–थाना अंतरैला, जनेह, जवा, त्योंथर, पनवार, डभौरा, सोहागी एवं चाकघाट थाना क्षेत्र में घटित मोटर दुर्घटना के संबंध में, अथवा उक्त थाना क्षेत्रों में निवास कर रहे या व्यापार कर रहे दावेदारों आवेदक/वादी या अनावेदक/प्रतिवादी द्वारा प्रस्तुत मोटर दुर्घटना दावा के संबंध में क्षतिपूर्ति राशि चाहने संबंधी दावे। 6–प्रांतीय दीवालिया अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत होनें वाले प्रकरण। 7–तहसील त्योंथर क्षेत्र से उत्पन्न होने वाले रुपए 500/– से अधिक व रुपए 1000/–से अनाधिक मूल्य के लघुवाद प्रकरण (धारा 9 द्वारा अधिकृत)। 8–पालक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम तथा हिन्दू अवयस्कता एवं संरक्षकर्ता अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत होनें वाले प्रकरण । 9–भू–अर्जन अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत होनें वाले संदर्भ व प्रकरण। 10–मध्यस्तम एवं सुलह अधिनियम 1996 के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले प्रकरण । 11–हिन्दू विवाह अधिनियम, विशेष विवाह अधिनियम एवं भारतीय तलाक अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले समस्त प्रकरण । 12–भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले प्रोबेट प्रकरण। 13. तहसील त्योंथर की क्षेत्रीय अधिकारिता से उदभूत मध्यप्रदेश एकोमोडेशन कन्ट्रोल एक्ट 1961 के अंतर्गत भाड़ा नियंत्रण अधिकारी द्वारा पारित आदेशों के विरूद्ध प्रस्तुत अपीले।
		सत्र खण्ड त्योंथर–जिला रीवा	1–यथा समय सत्र न्यायाधीश रीवा द्वारा निराकरण हेतु अंतरित सत्र प्रकरण, दाण्डिक अपीलें, दण्डिक पुनरीक्षण व अन्य विविध कार्यवाहियां व आवेदन पत्र। 2–तहसील त्योंथर क्षेत्र के अधिकारिता क्षेत्र के सत्र प्रकरण जो त्योंथर में पदस्थ न्यायिक दण्डाधिकारियों द्वारा उपार्पित किये जाते है वे उपार्पण के पश्चात् अपर सत्र न्यायाधीश त्योंथर के न्यायालय में प्रस्तुत की जावेगी। 3– त्योंथर क्षेत्राधिकार की धारा 438 व 439 द0प्र0सं0 के जमानत आवेदन पत्र जब तक कोई अन्य आदेश न हो। जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश त्योंथर के न्यायालय में सुनवायी व निराकरण हेतु प्रस्तुत किये जावेगे। 4–त्योंथर क्षेत्र में पदस्थ न्यायिक दण्डाधिकारियों द्वारा निर्णीत अपराधिक मामलों के विरूद्ध दाण्डिक अपीलें व निगरानिया। 5– मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 1987 की धारा–52 के तहत उत्पन्न प्रकरण। 6–सिविल जिला रीवा के त्योंथर क्षेत्र के (उत्तर संभाग) विद्युत अधिनियम 2003 की धारा– 153(1) के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले समस्त प्रकरण एवं उनसे संबंधित विविध कार्यवाहियां व आवेदन पत्र। 7– लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 (2012 का 32) के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले तहसील त्योंथर क्षेत्र के समस्त थाना के अभियोग पत्र/परिवाद पत्र का विचारण, जमानत आवेदन पत्र एवं रिमाण्ड की कार्यवाही। 8. तहसील मुख्यालय त्योंथर के समस्त थाना क्षेत्र के महिलाओं के विरूद्ध सत्र न्यायालय द्वारा विचारणीय अपराध (जैसे रेप, गैंगरेप, मर्डर विथ रेप एवं अन्य अपराध) के समस्त प्रकरण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के मामलों को छोड़कर)

		सिरमौर	
20	श्री संतोष चौहान, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सिरमौर	सिविल जिला रीवा की तहसील सिरमौर	1–प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा समय–समय पर अंतरित प्रकरण एवं उनसे उद्भुत होने वाले समस्त निष्पादन एवं विविध कार्यवाहियां व आवेदन पत्र । 2–रूपये 01 करोड़ से अधिक मूल्य के सभी प्रकार के व्यवहार वाद प्रकरण एवं उनसे उद्भूत होने वाले समस्त निष्पादन एंव विविध प्रकरण। 3–थाना सिरमौर क्षेत्र में घटित मोटर दुर्घटना के संबंध में अथवा उक्त थाना क्षेत्रों में निवास कर रहे या व्यापार कर रहे दावेदारों आवेदक/वादी या अनावेदक/प्रतिवादी द्वारा प्रस्तुत मोटर दुर्घटना दावा के संबंध में क्षतिपूर्ति राशि चाहने संबंधी दावे। 4–प्रांतीय दीवालिया अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत होनें वाले प्रकरण। 5–तहसील सिरमौर क्षेत्र से उत्पन्न होने वाले रुपए 500/– से अधिक व रुपए 1000/–से अनाधिक मूल्य के लघुवाद प्रकरण (धारा 9 द्वारा अधिकृत)। 6–हिन्दू विवाह अधिनियम, विशेष विवाह अधिनियम एवं भारतीय तलाक अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले समस्त प्रकरण । 7–भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले प्रोबेट प्रकरण। 8–समस्त व्यवहार न्यायाधीश **वरिष्ठ खण्ड एवं कनिष्ठ खण्ड** सिरमौर के **रिक्त न्यायालय** द्वारा पारित निर्णय, डिक्री एवं आदेशों के विरुद्ध प्रस्तुत होनें वाली समस्त नियमित एवं विविध अपीलें
		सत्र खण्ड सिरमौर	1– यथा समय सत्र न्यायाधीश रीवा द्वारा निराकरण हेतु अंतरित सत्र प्रकरण दाण्डिक अपीलें दण्डिक पुनरीक्षण व अन्य विविध कार्यवाहियां व आवेदन पत्र। 2– थाना सिरमौर एवं बैकुण्ठपुर अधिकारिता क्षेत्र के सत्र प्रकरण जो सिरमौर में पदस्थ न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा उपार्पित किये जाते है वे उपार्पण के पश्चात् अपर सत्र न्यायाधीश सिरमौर के समक्ष प्रस्तुत की जावे। 3– थाना सिरमौर एवं बैकुण्ठपुर क्षेत्राधिकार की धारा 438 व 439 द0प्र0सं0 के जमानत आवेदन पत्र जब तक कोई अन्य आदेश न हो। जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सिरमौर के न्यायालय में सुनवायी व निराकरण हेतु प्रस्तुत किये जावेगें। 4–सिरमौर क्षेत्र में पदस्थ समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा निर्णीत अपराधिक मामलों के विरूद्ध दाण्डिक अपीलें व निगरानिया। 5– मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 1987 की धारा–52 के तहत उत्पन्न प्रकरण। 6– लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 (2012 का 32) के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले तहसील सिरमौर क्षेत्र के समस्त थाना के अभियोग पत्र/परिवाद पत्र का विचारण, जमानत आवेदन पत्र एवं रिमाण्ड की कार्यवाही। 7. तहसील मुख्यालय सिरमौर के समस्त थाना क्षेत्र के महिलाओं के विरूद्ध सत्र न्यायालय द्वारा विचारणीय अपराध (जैसे रेप, गैंगरेप, मर्डर विध रेप एवं अन्य अपराध) के समस्त प्रकरण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के मामलों को छोड़कर)
21	श्री संजय वर्मा जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सिरमौर के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश सिरमौर	सिविल जिला रीवा के तहसील सेमरिया (सिरमौर)	1–प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा समय–समय पर अंतरित प्रकरण एवं उनसे उद्भुत होने वाले समस्त निष्पादन एवं विविध कार्यवाहियां व आवेदन पत्र । 2–रूपये 01 करोड़ से अधिक मूल्य के सभी प्रकार के व्यवहार वाद प्रकरण (सेमरिया क्षेत्र से उद्भुत)।

			3– **समस्त व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं कनिष्ठ खण्ड सिरमौर** द्वारा पारित निर्णय, डिक्री एवं आदेश के विरूद्ध प्रस्तुत होने वाले समस्त नियमित एवं विविध अपीलें। 4– थाना बैकुण्ठपुर/सेमरिया एवं गढ़ (सिरमौर क्षेत्राधिकार के) थाना क्षेत्र में घटित मोटर दुर्घटना के संबंध में अथवा उक्त थाना क्षेत्रों में निवास कर रहे या व्यापार कर रहे दावेदारों/आवेदक/वादी/अनावेदक/ प्रतिवादी द्वारा प्रस्तुत मोटर दुर्घटना दावा के संबंध में क्षतिपूर्ति राशि चाहने संबंधी दावा। 5–पालक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम तथा हिन्दू अव्यस्कता एवं संरक्षकर्ता अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले प्रकरण। 6–भू–अर्जन अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले संदर्भ व प्रकरण। 7–मध्यस्तम एवं सुलह अधिनियम 1996 के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले प्रकरण। 8. तहसील सिरमौर की क्षेत्रीय अधिकारिता से उदभूत मध्यप्रदेश एकोमोडेशन कन्ट्रोल एक्ट 1961 के अंतर्गत भाड़ा नियंत्रण अधिकारी द्वारा पारित आदेशों के विरूद्ध प्रस्तुत अपीले।
		सत्र खण्ड	1– यथा समय सत्र न्यायाधीश रीवा द्वारा निराकरण हेतु अंतरित सत्र प्रकरण दाण्डिक अपीलें दण्डिक पुनरीक्षण व अन्य विविध कार्यवाहियां व आवेदन पत्र। 2– थाना गढ़ एवं सेमरिया अधिकारिता क्षेत्र के सत्र प्रकरण जो सिरमौर में पदस्थ न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा उपार्पित किये जाते हैं, वे उपार्पण के पश्चात् जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सिरमौर के अतिरिक्त न्यायाधीश के न्याया. में प्रस्तुत की जावेगी
		<u>रीवा</u>	
22	प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड रीवा	सिविल जिला रीवा	प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा समय–समय पर अंतरित किये जाने वाले प्रकरण व उनसे उद्भूत निष्पादन व विविध प्रकरण।
23	द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड रीवा	सिविल जिला रीवा की तहसील हुजूर/मनगवां/ गुढ/रायपुर कर्चुलियान	1– प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा समय–समय पर अंतरित किये जाने वाले प्रकरण व उनसे उद्भूत निष्पादन व विविध प्रकरण। 2– **माह जुलाई एवं अगस्त** में रूपये 05 लाख से अधिक और रूपये 01 करोड़ से अनाधिक मूल्य के सभी प्रकार के व्यवहार वाद एवं उनसे उद्भूत होने वाले निष्पादन एवं विविध प्रकरण। 3– **माह जुलाई एवं अगस्त** में भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम भाग 10 के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले सभी प्रकार के प्रकरण।
24	तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड रीवा	सिविल जिला रीवा की तहसील हुजूर/मनगवां/ गुढ/रायपुर कर्चुलियान	1– प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा समय–समय पर अंतरित किये जाने वाले प्रकरण व उनसे उद्भूत निष्पादन व विविध प्रकरण। 2– **माह सितम्बर एवं अक्टूबर** में रूपये 05 लाख से अधिक और रूपये 01 करोड़ से अनाधिक मूल्य के सभी प्रकार के व्यवहार वाद एवं उनसे उद्भूत होने वाले निष्पादन एवं विविध प्रकरण। 3– **माह सितम्बर एवं अक्टूबर** में भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम भाग 10 के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले सभी प्रकार के प्रकरण।

25	चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड रीवा	सिविल जिला रीवा की तहसील हुजूर/मनगवां/गुढ/रायपुर कर्चुलियान	1– प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा समय–समय पर अंतरित किये जाने वाले प्रकरण व उनसे उद्भूत निष्पादन व विविध प्रकरण। 2– **माह मई एवं जून** में रूपये 05 लाख से अधिक और रूपये 01 करोड़ से अनाधिक मूल्य के सभी प्रकार के व्यवहार वाद एवं उनसे उद्भूत होने वाले निष्पादन एवं विविध प्रकरण। 3– **माह मई एवं जून** में भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम भाग 10 के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले सभी प्रकार के प्रकरण। 4– संभागीय स्तर पर वाणिज्यिक एवं वित्तीय विवादों से संबंधित मामलों का निबटारा जो व्यवहार न्यायाधीश स्तर का हो।
26	पंचम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड रीवा	सिविल जिला रीवा की तहसील हुजूर/मनगवां/गुढ/रायपुर कर्चुलियान	1– प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा समय–समय पर अंतरित किये जाने वाले प्रकरण व उनसे उद्भूत निष्पादन व विविध प्रकरण। 2– **माह नवम्बर एवं दिसम्बर** में रूपये 05 लाख से अधिक और रूपये 01 करोड़ से अनाधिक मूल्य के सभी प्रकार के व्यवहार वाद एवं उनसे उद्भूत होने वाले निष्पादन एवं विविध प्रकरण। 3– **माह नवम्बर एवं दिसम्बर** में भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम भाग 10 के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले सभी प्रकार के प्रकरण।
27	प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड रीवा के न्यायालय के प्रथम अति. न्यायाधीश, रीवा	सिविल जिला रीवा की तहसील हुजूर/मनगवां/गुढ/रायपुर कर्चुलियान	1– प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा समय–समय पर अंतरित किये जाने वाले प्रकरण व उनसे उद्भूत निष्पादन व विविध प्रकरण। 2– **माह जनवरी एवं फरवरी** में रूपये 05 लाख से अधिक और रूपये 01 करोड़ से अनाधिक मूल्य के सभी प्रकार के व्यवहार वाद एवं उनसे उद्भूत होने वाले निष्पादन एवं विविध प्रकरण। 3– **माह जनवरी एवं फरवरी** में भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम भाग 10 के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले सभी प्रकार के प्रकरण।
